दिनांक : 06.03.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

## प्रधानमंत्री उत्तराखंड

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड को पूरे वर्ष पर्यटन का केंद्र बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। आज उत्तरकाशी में हर्षिल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य में शीतकालीन पर्यटन के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि अब राज्य में पूरे वर्ष पर्यटन का मौसम रहेगा। उन्होंने उम्मीद जताई की गौरीकुंड-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुंड रोपवे परियोजनाओं से यात्रियों को बहुत सहूलियत होगी।

## वित्त आयोग बैठक

भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे हॉल में आज 16वें वित्त आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि  दीर्घकालिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए भावी वित्तीय आवश्यकताओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर इस बैठक में चर्चा हुई। इस अवसर पर वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया , उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और जगदीश देवड़ा भी उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजन के लिए देश भर में उत्साह का माहौल है। इसको लेकर प्रधान गौंड पेंटिग कलाकार पद्मश्री दुर्गाबाई व्योम ने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सभी महिलाएं अपने-अपने  क्षेत्र में अपने काम को आगे बढ़ाए इसके लिए सभी को शुमकामनाएँ।

## राष्ट्रीय कर्मयोगी कार्यक्रम

सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के सचिव अमित यादव ने कहा कि सरकारी सेवा का मूल उद्देश्य लोगों के जीवन में सार्थक बदलाव लाना है। श्री यादव ने नई दिल्ली में डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। यह कार्यक्रम सरकारी अधिकारियों

के बीच खुली चर्चा, टीमवर्क और व्यावहारिक समस्या-समाधान को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किया गया है, जिसमें चार प्रशिक्षण सत्र शामिल हैं।

## रैम्प योजना

भारत सरकार की 'रैम्प योजना' के तहत प्रदेश की 40 मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ी महिला उद्यमी आज से हैदराबाद के तीन दिवसीय पर एक्सपोज़र विजिट पर जा रही हैं। यह 40 सदस्यीय दल भोपाल और इंदौर से विमान द्वारा हैदराबाद के लिए रवाना जाएगा। इस यात्रा का उद्देश्य इन महिलाओ को सफल महिला उद्यमियों से मिलने, उनके अनुभवों से सीखने और अपने व्यापार में नए विचार और तकनीक अपनाने के अवसर प्रदान करना है। प्रदेश के एमएसएमई विभाग का लघु उद्योग निगम इस महत्वपूर्ण दौरे में नोडल एजेंसी के रूप में साथ रहेगा। महिला उद्यमी 'वीमेन इंडस्ट्रियल पार्क' का भी दौरा करेंगी, जहां वे विभिन्न महिला उद्यमियों से समन्वय स्थापित कर नए बाजारों और तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगी।

## समाचार संक्षेप में :-

- लोक स्वास्थ और चिकित्सा शिक्षा विभाग राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने नर्मदापुरम के बनखेड़ी में 30 बिस्तरों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया।
- आगरमालवा में 08मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत प्रचार रथ को बुधवार को प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश रवीन्द्रसिंह कुशवाह ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।
- शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज झाबुआ में युवा संगम रोजगार, स्व–रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले में 57 अभ्यर्थियों का प्रारम्भिक चयन किया गया
- बैतूल के मुलताई थाना क्षेत्र में एक कार चालक ने स्कूटी सवार बीटेक के छात्र को टक्कर मार दी। छात्र की मौत हो गई है।

.....................